**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 260***
**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विशाखापत्तनम मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति**

***260. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लिः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में स्वीकृत मौजूदा मेट्रो रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और विदेशी संस्थाओं से मिले अंशदान तथा धनराशि की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) केंद्र सरकार के पास वर्तमान में लंबित मेट्रो परियोजना प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा उनके अनुमोदन में विलंब के क्या कारण हैं और उक्त प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए संभावित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या सरकार को विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो अनुमानित परियोजना लागत सहित प्रस्तावित खंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) अनुमोदित और लंबित, दोनों मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा धनराशि के संबंध में की गई प्रतिबद्धताओं तथा धनराशि के संवितरण की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या केंद्र सरकार ने इन परियोजनाओं के लिए अनुमोदन और मंजूरी दे दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और मंजूरी देने की संभावित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**
**(श्री मनोहर लाल)**

**(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

<u>विवरण</u>

**विशाखापत्तनम मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि द्वारा पूछे गए 12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 260* के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में केन्द्र एवं राज्य सरकार और बहुपक्षीय/द्विपक्षीय वित्त पोषण एजेंसियों द्वारा जारी निधियों के ब्यौरे सहित भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-। के रूप में संलग्न है।

(ख): शहरी नियोजन राज्य का विषय है, इसलिए, मेट्रो रेल परियोजनाओं के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने का काम संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में राज्य सरकारों द्वारा केंद्र सरकार को प्रस्तुत मेट्रो रेल परियोजना प्रस्तावों का विवरण अनुलग्नक-।। के रूप में संलग्न है। इसके अलावा, मेट्रो रेल परियोजनाएँ लागत गहन हैं, जिसके लिए केंद्र सरकार में विभिन्न स्तरों पर व्यापक जांच/मूल्यांकन की आवश्यकता होती है और उनकी स्वीकृति परियोजनाओं की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसलिए, इन परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की जा सकती है।

(ग) से (ङ): आंध्र प्रदेश सरकार ने जनवरी, 2024 में विशाखापत्तनम लाइट मेट्रो रेल परियोजना का प्रस्ताव रखा है, जिसमें सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 14,309 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत पर 76.90 किलोमीटर नेटवर्क लंबाई शामिल है। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी) दस्तावेज पांच साल से अधिक पुराना पाया गया है, जो केंद्र सरकार के मूल्यांकन दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं है। मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द नवीनतम सीएमपी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, इस मंत्रालय को आंध्र प्रदेश सरकार से मेट्रो रेल नीति, 2017 के अनुसार विजयवाड़ा मेट्रो रेल परियोजना का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

*****

**विशाखापत्तनम मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि द्वारा पूछे गए 12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 260* के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I**

| क्रमांक | मेट्रो रेल/आरआरटीएस परियोजना/विस्तार का नाम | भारत सरकार द्वारा दी गई स्वीकृति का महीना और वर्ष | पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष में 30.11.2024 तक जारी निधियां | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | भारत सरकार द्वारा (इक्विटी, एसडी और अनुदान के रूप में) | राज्य सरकार (सरकारों) द्वारा | बाहरी एजेंसियों से वित्तीय सहायता |
| 1 | दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना (सभी चरण/विस्तार) | नवंबर, 1996 से दिसंबर, 2024 तक चरणों में | 3,700.04 | 3,880.81 | 6,729.65 |
| 2 | मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम | जुलाई, 2023 | 10.00 | 10.00 | 0.00 |
| 3 | मुंबई मेट्रो लाइन-3 | जुलाई, 2013 | 2,183.51 | 3,198.41 | 8,877.62 |
| 4 | नागपुर मेट्रो रेल परियोजना चरण-I | अगस्त, 2014 | 0 | 251.34 | 599.06 |
| 5 | नागपुर मेट्रो रेल परियोजना चरण-II | दिसंबर, 2022 | 600 | 559.33 | 0 |
| 6 | पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-I | दिसंबर, 2016 | 321.14 | 647.93 | 4,231.50 |
| 7 | पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-I पीसीएमसी से निगडी तक | अक्टूबर, 2023 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | स्वरगते से कात्रज तक पुणे मेट्रो एक्सटेंशन | सितंबर, 2024 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | ठाणे मेट्रो | सितंबर, 2024 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना चरण-I | नवंबर, 2014 | 132.18 | 292.90 | 1,931.36 |
| 11 | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना चरण-II | मार्च, 2019 | 582.53 | 760.39 | 1,832.64 |
| 12 | सूरत मेट्रो रेल परियोजना | मार्च, 2019 | 1,417.71 | 2,594.95 | 4,400.00 |
| 13 | * चेन्नई मेट्रो चरण-I | जून, 2008 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | *चेन्नई मेट्रो फेज़-I-विस्तार | फरवरी, 2009 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 15 | चेन्नई मेट्रो चरण-II | अक्टूबर, 2024 | 0.00 | 13,290.57 | 12,100 |
| 16 | *पूर्व पश्चिम कोलकाता मेट्रो | जून, 2016 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | *लखनऊ मेट्रो चरण 1ए | जनवरी, 2016 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | *नोएडा मेट्रो (सेक्टर 51 से ग्रेटर नोएडा डिपो) | जून, 2017 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 19 | कानपुर मेट्रो | मई, 2019 | 1,345.25 | 2,225.25 | 3,558.25 |
| 20 | आगरा मेट्रो | मई, 2019 | 979.68 | 1,799.50 | 2,443.00 |
| 21 | *कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना चरण I | जुलाई, 2012 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना चरण 1ए | फ़रवरी, 2023 | 46.74 | 135.86 | 0.00 |
| 23 | कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना चरण II | नवंबर, 2022 | 100.00 | 69.69 | 0.00 |
| 24 | *बैंगलोर मेट्रो चरण-I | मई, 2006 और जनवरी, 2010 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 25 | बैंगलोर मेट्रो चरण-2, 2ए और 2बी | फरवरी, 2014 और जून, 2021 | 2,568.10 | 8,799.56 | 10,113.01 |
| 26 | बैंगलोर मेट्रो चरण- 3 | सितंबर, 2024 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 27 | पटना मेट्रो | फरवरी, 2019 | 1,213.50 | 1,268.12 | 0.00 |
| 28 | भोपाल मेट्रो | नवंबर, 2018 | 738.62 | 1,720.98 | 815.22 |
| 29 | इंदौर मेट्रो | नवंबर, 2018 | 1,021.4 | 1,869 | 766.13 |
| 30 | दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर | मार्च, 2019 | 2,198.00 | 12,380.00 | 4,991.00 |

*ये परियोजनाएं पहले से ही चालू हैं और भारत सरकार की सभी वित्तीय देनदारियां पूरी तरह से चुका दी गई हैं।

**विशाखापत्तनम मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि द्वारा पूछे गए 12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 260* के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-।।**

| क्रमांक | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 | 12.75 |
| 2. | तमिलनाडु | कोयंबटूर मेट्रो रेल परियोजना | 34.8 |
| 3. | | मदुरै मेट्रो रेल परियोजना | 32 |
| 4. | दिल्ली एवं एन.सी.आर. | पालम विहार ( रेजांगला चौक) से द्वारका सेक्टर-21 तक | 8.4 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण 1बी | 11.165 |
| 6. | | नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार (नोएडा सेक्टर 51 से नॉलेज पार्क V तक) | 17.435 |
| 7. | | नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार (डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक) | 2.6 |
| 8. | | बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 | 11.56 |
| 9. | गुजरात | राजकोट मेट्रो रेल परियोजना | 37.80 |
| 10. | | बड़ौदा मेट्रो रेल परियोजना | 42.35 |
| 11. | | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना चरण-2ए | 6.334 |
| 12. | | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना चरण-2बी | 7.585 |
| 13. | केरल | कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना चरण-1बी | 1.2 |